तापमान
अधिकतम 19.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
जिले के पांच नगरीय निकायों में अटल परिसर का लोकार्पण


**खबर संक्षेप**

### लापरवाही पर सचिव निलंबित रोजगार सहायक पद से पृथक

**अंबिकापुर।** आवास निर्माण के दौरान जियो टैगिंग कार्य में अनियमितता पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 26 जून को मैनपाट के ग्राम पंचायत पेंट का अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक मनरेगा ने निरीक्षण किया था। इस दौरान पीएम जनमन के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में अनियमितता सामने आई थी। ऐसे में ग्राम पंचायत पेंट के सचिव पन्नालाल गुप्ता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था लेकिन सचिव ने कोई जवाब नहीं दिया। सचिव का यह कृत्य उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना एवं कार्य दायित्वों का निर्वहन लापरवाही पूर्वक किया जाना अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। ऐसे में जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत पेंट के सचिव पन्नालाल गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जनपद पंचायत मैनपाट के ग्राम पंचायत राजापुर के सचिव मधिम राम को ग्राम पंचायत पेंट का अतिरिक्त प्रभार अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी प्रकार सीईओ श्री अग्रवाल द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाले मनरेगा अंतर्गत 4 रोजगार सहायकों में से 2 रोजगार सहायकों को पद से पृथक करने तथा 2 रोजगार सहायकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई ही।

### नशे की हालत में युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भिट्ठी खुर्द निवासी बृजपाल आ. सुखदेव (23 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 7 दिसंबर को नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया और घर के पास आग तापने के दौरान उल्टी करने लगा। पिता ने उल्टी करते तथा पास की कीटनाशक का डिब्बा देख घटना की जानकारी परिजन को दी। युवक के कीटनाशक पी लेने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 23 दिसंबर की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### 64 लाख का राशन गबन मामले में संचालक समेत दो गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शासकीय उचित मूल्य दुकान में 64 लाख रुपए का गबन करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपराध दर्ज होने के बाद लम्बे समय से फरार चल रहे थे और मंगलवार की शाम उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बता दें कि घुटरापारा स्थित जनकल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति के माध्यम से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 391001071, 391001029 एवं 391001054 के संचालक व सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर शासकीय राशन का गबन किया गया था। इस मामले की शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग दवरा मामले की जांच कराई गई और जांच के बाद 7 अक्टूबर को मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। इस जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों ने माह सितम्बर 2022 एवं 31 मार्च 2024 के बीच चावल 1631.29 क्विंटल राशि 61,62,267.96 रुपए, शक्कर 10.43 क्विंटल राशि 49,160.62 रुपए तथा चना 48.34 क्विंटल राशि 2,92,692.09 रुपए कुल खाद्यान्न राशि 64 लाख 94 हजार 120 रुपए का गबन किया गया। इस मामले में तीनो दुकानों के संचालक अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा, सहायक विक्रेता फरहान सिद्दीकी एवं सैफ अली द्वारा शासन द्वारा आम जनता को वितरण किए जाने वाले चावल, शक्कर एवं चना का गबन किया गया।

फादर ने पढ़ी बाइबल, जन्म-वृत्तांत सुनाया, गायन मंडली ने गीतों से किया प्रभु का गुणगान

# आधी रात गूंजी प्रभु यीशु की महिमा विशेष मिस्सा पूजा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्रिसमस के पावन पर्व पर शहर के संत इग्नासियुस चर्च (शांति भवन) में बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि विशेष मिस्सा पूजा का भव्य आयोजन किया गया।

प्रधान याजक के रूप में फा.अलेकर लकड़ा ने सबसे पहले चरनी (किब) में बालक यीशु की प्रतिमा तथा जोसेफ मरियम की प्रतिमाओं को आशीष जल से पवित्र किया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। क्रिसमस के विशेष अवसर पर गठित गायन मंडली ने प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े गीतों का सुमधुर गायन किया। इस पावन रात्रि में महिमा-गान का विशेष महत्व रहा, ⏭ शेष पेज 4 पर






### परम प्रसाद पाने को उमड़ी भीड़

मिस्सा पूजा के उपरांत अनुयायियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। पादरियों के लिए अलग तथा श्रद्धालुओं के लिए अलग व्यवस्था की गई थी। प्रभु यीशु के आशीर्वाद के प्रतीक रूप में आटे से बने परम प्रसाद को पाने के लिए मसीही श्रद्धालु लालायित नजर आए।

### उपदेश में मुक्ति और प्रेम का संदेश

मुख्य अनुष्ठाता फादर अजय केरकेट्टा ने क्रिसमस को एक ऐतिहासिक एवं जीवंत घटना बताते हुए ईश्वरीय मुक्ति-योजना को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाने एक उद्धारकर्ता के रूप में इस संसार में आए। उन्होंने प्रेम, शांति, भाईचारे और पड़ोसियों से प्रेम का संदेश देकर मानवता को सही मार्ग दिखाया।इस अवसर पर बच्चों के 'एंजल ग्रुप' ने स्वर्गीय दूतों का प्रतिनिधित्व करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



## जमीन विवाद पर हिंसा, घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला, 9 गिरफ्तार

**कोतबा।** कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम खजरीढाब में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने के प्रकरण में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी, जिसे देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था कायम की।

■ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, स्थिति सामान्य

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी भुवन लाल ने चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2016 में उनके पिता कन्हैया लाल ने गांव खजरीढाब में 20 डिसमिल जमीन खरीदी थी, जिसकी विधिवत रजिस्ट्री हो चुकी है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा वर्ष 2025 में उसी जमीन से जुड़ी 60 डिसमिल भूमि किसी अन्य को बेच दी गई और उसी के आधार पर प्रार्थी के पिता की 20 डिसमिल जमीन पर भी कब्जा जताने का प्रयास किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बीएनएस की धारा 298, 351(2), 333, 115(2), 109(1), 190(1) व 191 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त 6 लाठी-डंडे जब्त किए। पूछताछ में आरोपियों ⏭ शेष पेज 4 पर

## तिलगोड़ा में सजी भगवान कृष्ण की बारात धूमधाम से मना रुक्मिणी विवाह महोत्सव



**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण में चल रही सात दिवसीय संगीतमय मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन गुरुवार को पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान भगवान कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग आते ही पांडाल जयकारों से गूंज उठा।

कथा वाचिका सु राधेप्रिया जी ने अपनी मधुर वाणी में विवाह प्रसंग का ऐसा सजीव चित्रण किया कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास सु राधेप्रिया जी ने छठवें दिन की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि रुक्मिणी जी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और भगवान कृष्ण नारायण हैं। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी जी ने मन ही मन कृष्ण को अपना पति मान लिया था और एक प्रेम पत्र भेजकर उन्हें बुलाने का संदेश दिया। जैसे ही कथा में भगवान की बारात का प्रसंग आया, कथा स्थल पर एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

रुक्मिणी विवाह के उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए आयोजकों द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। भगवान कृष्ण और माता रुक्मिणी की सजीव झांकी सजाई गई। विवाह संस्कार के दौरान वरमाला की रस्म निभाई गई और श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर अपनी खुशी का इजहार किया। भक्तिमय गीतों और भजनों पर महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर झूमने लगे।

### प्लेसमेंट कैम्प आज तहसील परिसर में

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर 2025 को तहसील परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैम्प हेतु नियोक्ताओं द्वारा 215 रिक्तियों में भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मन्‌ टेलेन्ट प्राइवेट लिमिटेड़ रायपुर द्वारा कुनकुरी, पत्थलगांव, जशपुर व बगीचा में इलेक्टीशियन पुरूष के 100 पदों हेतु रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आई.टी आई पास होना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार बॉम्बे इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विसेज द्वारा सुरक्षागार्ड के 100 पदों के लिए रिक्तियॉ प्राप्त हुई है तथा स्वतंत्र मायक्रोफिन रायपुर द्वारा 5 संग्रह अधिकारी पद व 10 फील्ड अधिकारी के हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना है।

# रानीकोम्बो में भटके हाथी ने मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी वन परिक्षेत्र के नारायणपुर सर्किल अंतर्गत रानीकोम्बो क्षेत्र के किसान इन दिनों झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। बीते करीब 15 दिनों से यह हाथी लगातार किसानों के खेतों में घुसकर अरहर एवं सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुँचा रहा है। हाथी की गतिविधियों से न केवल किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है, बल्कि उनकी जान पर भी खतरा मंडरा रहा है।

■ वन विभाग बेखबर, खेतों में हाथी बेखौफ

किसानों के अनुसार हाथी का स्थायी आश्रय स्थल रानीकोम्बो के कुम्हारतला जंगल में है। प्रतिदिन शाम ढलते ही हाथी जंगल से निकलकर आसपास के गांवों के खेतों की ओर रुख करता है और रात के अंधेरे में फसलों को रौंद देता है। खेतों में लगी अरहर, सब्जी एवं ⏭ शेष पेज 4 पर





### प्रशासन से नुकसान के मुआवजे की मांग

किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर हाथी को सुरक्षित तरीके से उसके प्राकृतिक आवास में भेजने तथा प्रभावित किसानों को राहत और मुआवजा देने की मांग की है।

### ग्रामीणों का आरोप वन विभाग को खबर, ठोस कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी वन कर्मचारी को दी जा चुकी है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों का कहना है कि रात के समय हाथी की मौजूदगी की सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारी गश्त करने नहीं पहुंचते। मजबूरन किसानों को स्वयं ही रातभर जागकर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। लगातार कई दिनों से रतजगा करने के कारण किसान शारीरिक और मानसिक रूप से थक चुके हैं। खेतों की सुरक्षा के दौरान कभी भी हाथी के हमले का खतरा बना रहता है, जिससे जान-माल की सुरक्षा को लेकर किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है।प्रभावित किसानों का कहना है कि वन विभाग की ओर से अब तक केवल आश्वासन ही दिया गया हैं, लेकिन निगरानी दल तैनात करने या नियमित रात्रि गश्त जैसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।

# अऋणी किसान 31 तक ले सकते हैं लाभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2025-26 सीजन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है। इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने रबी 2025 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। किसान नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र सीएससी सेंटर अथवा मोबाईल एप्प के द्वारा या बचत खाताधारक किसान संबंधित बैंक में जाकर बीमा करा सकते है। इसके साथ ही अऋणी कृषकों के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, स्वयं के नाम की भूमि रिकॉर्ड बी-1 की प्रति, बुआई प्रमाण पत्र, सक्रिय बैंक खाते की प्रति, जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड तथा निर्धारित प्रीमियम राशि लेकर बीमा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

इसके अलावा रबी फसलों के लिए बीमा प्रीमियम बीमांकित राशि का केवल 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। टमाटर के लिए 6000.00 रुपए प्रति हेक्टेयर, बैगन 3850.00 रूपए प्रति हेक्टेयर, पत्तागोभी 3500.00 रूपए प्रति हेक्टेयर, फुलगोभी 3500.00 रुपए प्रति हेक्टेयर, प्याज 4000.00 रुपए प्रति हेक्टेयर एवं आलू 6000. 00 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से बीमा प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

## सराईटोली पुल के नीचे मिली लाश की हुई पहचान

**जशपुरनगर।** सराईटोली पुल के नीचे गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए निकले युवकों ने पुल के नीचे शव पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना तुमला थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तुमला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नाहुन लकड़ा (पिता–प्रकाश लकड़ा), निवासी सागजोर के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाहुन लकड़ा धान मंडी में धान बिक्री के उद्देश्य से आया हुआ था। किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुल के नीचे शव मिलने से दुर्घटना सहित अन्य संभावित कारणों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह घटना दुर्घटनावश हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

# अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए भारतीय सेना द्वारा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम, धमतरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरुष अभ्यर्थी भाग लेंगे। इस भर्ती रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क,स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा रैली में सम्मिलित होने वाले योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा अभ्यर्थियों के पंजीकृत ई-मेल पते पर भी भेजे गए हैं। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना में उल्लेखित सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता एवं प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को दलालों एवं प्रलोभन देने वालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

प्रशासन गांव की ओर पहल से फरसाबहार में मिले त्वरित लाभ

# सुशासन शिविर बना जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल सुशासन शिविर प्रशासन गांव की ओर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड फरसाबहार में 24 दिसम्बर 2025 को सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ विभिन्न विभागों द्वारा अपने–अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभागवार आवेदन पत्र प्राप्त किए गए।

शिविर के दौरान कुल 28 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें खाद्य विभाग से 1, कृषि विभाग से 1, महिला एवं बाल विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग से 1, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 3, पशुपालन विभाग से 4, राजस्व विभाग से 8, क्रेडा विभाग से 2 तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 1 आवेदन शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा कई हितग्राहियों को मौके पर ही त्वरित लाभ भी प्रदान किया गया।

### बनगांव के बृज कुमार चौहान को मिली ट्राई साइकिल

शिविर की सबसे भावनात्मक सफलता ग्राम पंचायत बनगांव निवासी ब्रिज कुमार चौहान की रही, जो विगत तीन माह से ट्रायसाइकिल प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। शिविर के माध्यम से उन्हें तत्काल ट्रायसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान हुआ। उन्होंने इसके लिए शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए तथा ग्राम पंचायत फरसाबहार निवासी जानकी बाई पति रघुनाथ राम, चन्द्रशेखर बेहरा पिता लक्ष्मण बेहरा, पारस पिता ईश्वर साय एवं बबलू पटेल पिता दिनेश्वर लाल पटेल को अपने पूर्ण आवास का प्रमाण पत्र सौंपा गया। मनरेगा के माध्यम से कुल 8 हितग्राहियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए, जिनमें ग्राम पंचायत हेटघींचा से करिश्मा बाई पति ईशांत राम, ग्राम पंचायत फरसाबहार से जीवन्ती खलखो पति संदीप खलखो, पतरेसिया मिंज पति जोहन मिंज, मंजू तिग्गा पति सलीम तिग्गा, ग्राम पंचायत खुटगांव से असरिता भगत पति रामदेव भगत, दुलमनी भगत पति परमानन्द भगत, आशा मिंज पति मनोज तिर्की तथा राधा चौहान पति तेजू प्रसाद शामिल हैं। इन परिवारों को सुशासन शिविर के माध्यम से 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित हुआ है। शासन की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सुशासन शिविर वास्तव में जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। शासन की यह पहल न केवल सहायता प्रदान करती है, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की नई आशा भी देती है।

# पीड़ित परिवार को दी गई चार लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व और सीएम कैंप कार्यालय बगिया की तत्पर भूमिका के चलते एक पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद न्याय और राहत मिली है। मिट्टी निकालने के दौरान जमीन धंसने से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

गौरतलब है कि जिले के ग्राम मटासी, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर निवासी कौशल्या बाई, पति महिपाल राम, कि 2023 में चूही मिट्टी निकालने के दौरान जमीन धंसने से घटनास्थल पर ही दुखद मृत्यु हो गई थी। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन लंबे समय तक मुआवजा राशि नहीं मिलने से परिजन मानसिक और आर्थिक रूप से बेहद परेशान थे। लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी पीड़ा मुख्यमंत्री तक पहुंचाई।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे मामले को संवेदनशीलता के साथ देखते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा मृतिका के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर शीघ्र प्रदान की गई।आर्थिक सहायता मिलने से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, महिला गंभीर

अम्बिकापुर। ग्राम कैपसेला पुलिया के समीप धान लोड ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक युवक की मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप घायल हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम कोबडी बथान निवासी लालदेव राम आ. सोहरई (22 वर्ष) गत दिन ग्राम कोरजा कोना निवासी दुर्गा बाई को बाइक में बैठाकर ग्राम कैपसेला की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कैपसेला पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे धान लोड ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि महिला का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवक ने अज्ञात कारण से लगाई फांसी, मौत

अम्बिकापुर। परिजन के मजदूरी करने जाने के दौरान युवक ने घर में अज्ञात कारण से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी जाधिर तिर्की आ. हरिराम (28 वर्ष) गत दिन परिजन मजदूरी करने गए जिससे युवक घर में अकेला था। शाम को परिजन मजदूरी कर घर लौटे तो देखा युवक फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना को देख परिजन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वहीं घटना की सूचना लोगों ने गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। युवक ने किस कारण फांसी लगाई उसका पता नहीं चला सका। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### मवेशी तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 नग मवेशी बरामद करने के साथ ही पिकअप जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह 5 बजे बांकी डेम के पास घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 17 जेड 2975 को रोककर उसकी तलाशी ली तो अंदर 13 नग मवेशी बरामद किए गये। मौके पर एक मवेशी की मौत हो गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी जशपुर जिले के लोदाम साईं टांगर टोली निवासी 24 वर्षीय चालक हैय्युल खान उर्फ हैलू आ. खलील खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना लेकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को छग पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 व पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## उपार्जन केंद्रों में नहीं बची धान रखने की जगह

# धान का उठाव नहीं होने से किसानों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राइस मिलर सहकारी समितियों में उपार्जित धान के उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं जिससे उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रभावित हो रही है।

**खास बातें**
- भविष्य में बढ़ेगी समस्या
- खरीदे गए धान को हटाने के बाद दूसरे किसानों को मौका

समितियों में धान लेकर पहुंचने वाले किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। धान उठाव की यही स्थिति रही तो एक दो दिन में खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

सहकारी समितियों में अपनी उपज बेचने हर दिन बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे है। रबी फसल की बनाई करने के पूर्व किसान अपनी उपज जल्द बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सहकारी समितियों द्वारा भी खरीदी तेज कर दी गई है। प्रारंभ में धान की खरीदी धीमी रफ्तार से चल रही थी लेकिन अब जमकर खरीदी हो रही है तथा समितियों में धान का अंबार लग गया है। समिति प्रबंधक परेशानी को देखते हुए लगातार धान उठाव मांग कर रहे है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक की स्थिति से अवगत कराने के साथ ही प्रबंधक प्रशासनिक अधिकारियों को भी धान का उठाव कराने ज्ञापन सौंप रहे हैं लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आ सका है। कई उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दो गुना से भी अधिक धान जमा हो गया है। इधर विपणन संघ ने राइस मिलरों को धान उठाव का डीओ जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। मिलर भविष्य में रूचि नहीं रहे है जिससे सहकारी समितियों की परेशानी बढ़ते जा रही है। सरगुजा में अब 10 लाख 3 हजार 755 क्विंटल, बलरामपुर में 8 लाख 38 हजार 698 क्विंटल एवं सूरजपुर में 11 लाख 45 हजार 117 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जबकि सरगुजा की समितियों से 33980, बलरामपुर से 6280 क्विंटल एवं सूरजपुर की समिति से मात्र 10720 क्विंटल धान का उठाव हो सका है। इस बार विपणन संघ द्वारा काफी विलम्ब से धान उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसके कारण आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित होने के साथ ही संग्रहित धान के भी खराब होने की संभावना जताई जा रही है।



खरीदी केन्द्र में अपनी बारी आने का इंतजार करते किसान।

**पिछले साल 30 फीसदी धान का उठाव**

को-आपरेटिव बैंक के अधिकारियों के अनुसार सरगुजा में अब तक खरीदे गए धान को मात्र 3.39 फीसदी धान का उठाव हो सका है जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 30 फीसदी धान का उठाव किया गया था। बलरामपुर में अब तक धान उठाव की प्रक्रिया 0.75 फीसदी है जबकि गत वर्ष 8.75 प्रतिशत एवं सूरजपुर में इस साल हुए उठाव प्रतिशत 0.94 फीसदी की तुलना में 17 फीसदी धान का उठाव किया गया था। समिति प्रबंधकों का कहना है कि उठाव में जितना अधिक विलम्ब होगा खुले आसमान के नीचे रखे धान में अधिक सूखता आएगी साथ ही धान की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। बेमौसम बारिश होने की स्थिति में भीगने से धान खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते जिससे समिति प्रबंधको को नुकसान उठाना पड़ता है।

**इन समितियों में अम्बार**

सरगुजा जिले की आधा दर्जन समितियों में क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक धान जाम पड़ा है जबकि एक दर्जन से अधिक समितियों क्षमता से दो से ढाई गुना अधिक धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। सहकारी समिति सीतापुर में 39599 क्विंटल, पेटला में 34642 क्विंटल, धौरपुर में 30519 क्विंटल, अमदला में 30596 क्विंटल, जबकि अमल भिट्ठी, कुन्नी, केरजू, गेरसा, चांदो, निम्हा, प्रतापगढ़, बटईकेला, भूषू, लखनपुर आदि में 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम हो गया है। इसी तरह बलरामपुर अंतर्गत सहकारी समिति कामेश्वरनगर, राजपुर, चांदो, जमड़ी डिण्डो, त्रिकुण्डा एवं सूरजपुर अंतर्गत उमेश्वरपुर, उमापुर, कन्दरई, कल्याणपुर, गणेशपुर सहित अन्य केन्द्रों में धान का पहाड़ खड़ा हो गया है। उपार्जन केन्द्र शिव प्रसाद नगर 42 हजार क्विंटल जाम पड़ा है।

**खरीदी हो रही प्रभावित**

उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है तथा किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बैंक धान उठाव के लिए विपणन संघ से लगातार पत्राचार कर रहा है। जल्द उठाव नहीं हुआ तो खरीदी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

-बाल कृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी को-ऑपरेटिव बैंक



## 30 नए आरक्षकों को एसएसपी ने दिया नियुक्ति प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस विभाग में नवनियुक्त 30 आरक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। कलेक्टर की मौजूदगी में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने 23 दिसम्बर को कार्यक्रम आयोजित कर सभी को नियुक्ति आदेश एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया। नव आरक्षकों की भर्ती आरक्षक संवर्ग वर्ष 2023-24 के तहत हुई है। अभ्यर्थियों ने जिला पुलिस बल सूरजपुर में आरक्षक जीडी के पद पर ज्वाइनिंग दर्ज कराई। इस अवसर पर कलेक्टर व एसएसपी ने नव आरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना के साथ उत्कृष्ट कार्य करने का संदेश दिया।

नव नियुक्त आरक्षकों में महेन्द्र कुमार ग्राम गोंदा, संजय पैंकरा ग्राम राई, संदीप सिंह ग्राम खोरमा, फलेश्वर राजवाड़े, ग्राम पेण्डरी, संगीता मार्को ग्राम अभयपुर, राजकुमार ग्राम कंदरई, भुवनकांत रायल बड़कापारा, पुनिता सिरदार ग्राम गोपालपुर, चंदा ग्राम शिवनंदनपुर, विवेक गुप्ता ग्राम दर्रीपारा, नम्रता कुशवाहा ग्राम खोरमा, सुषमा ग्राम महेशपुर, गायत्री राजवाड़े ग्राम तेलाईकछार, सोहन सिंह ग्राम बड़सरा, सुरेन्द्र कुमार पैंकरा ग्राम देवीपुर, देवेन्द्र ग्राम कांसापारा, राना सिंह ग्राम मोरभंज, पूर्णिमा ग्राम कुसमुसी, बगर साय ग्राम मानपुर, छाया पैंकरा ग्राम टईया, त्रिनेश्वर सिंह ग्राम गंगोटी, दामोदर ग्राम डुमरिया, अरूण कुमार सिंह ग्राम कंदरई, नर्मदा सिंह ग्राम सतपता, रवि सिंह ग्राम डेडरी, अजय पैंकरा गाम खजुरी, सुनिता सिंह ग्राम टुकूडांड, अविनाश कुमार ग्राम केंवरा, शोभा ग्राम गेतरा, लता भारती ग्राम गांगीकोट शामिल है।

## साप्ताहिक बाजार में गिरे रूपए ईमानदारी के बीच ठगी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान गांधी मैदान स्थित सब्जी बाजार में रविवार दोपहर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। बाजार में भारी भीड़भाड़ के बीच सेवानिवृत्त प्राचार्य एपी. सिंह से भूलवश 10 हजार रुपए गिर गए। इसी बीच कुछ रूपए पटवारी व सब्जी विक्रेता को मिल जिस पर दोनों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए रूपए मालिक को देने का प्रयास किया था एक युवक ने रूपए अपना बताकर ठगी कर फरार हो गया।


जानकारी के अनुसार एपी. सिंह किसी को पैसे देने के लिए 10 हजार रुपये निकाल रहे थे। इसी दौरान उनके हाथ से पैसे गिर गए और वे कुछ आगे बढ़ गए। इसी बीच मौके पर मौजूद एक पटवारी को लगभग 2 हजार मिले। पटवारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए आसपास के लोगों से पूछना शुरू किया लेकिन रुपए के मालिक का पता नहीं चला। इसी बीच एक सब्जी विक्रेता को भी वहीं गिरे हुए कुछ रुपये मिले। उसने भी रुपये उठाकर लोगों से पूछताछ शुरू की। पटवारी और सब्जी विक्रेता दोनों ने मिलकर पैसे के असली मालिक को वापस देने के लिए तलाश करने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और स्वयं को पैसे का मालिक बताते हुए चालाकी से लोगों को भ्रमित कर रुपये ले गया। बाद में जब वास्तविक स्थिति सामने आई तो मौजूद लोगों को ठगी का एहसास हुआ। घटना के समय मौजूद पटवारी, सब्जी विक्रेता, शिक्षक एवं अन्य लोगों ने बताया कि यदि वह युवक दोबारा नजर आता है तो उसे पहचान लिया जाएगा। फिलहाल युवक की तलाश जारी है। इस घटना के बावजूद पटवारी और सब्जी विक्रेता की ईमानदारी की स्थानीय स्तर पर सराहना की उन्होंने सही मालिक तक पैसा पहुंचाने का प्रयास किया। परंतु सफल नहीं हो सके।

## महान नदी में हाथियों की अठखेलियां बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली महान नदी में हाथियों के अठखेलियां करते हुए वायरल वीडियो इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि कई हाथियों का एक बड़ा झुंड बीते कुछ दिनों से प्रतापपुर वन परिक्षेत्र और आसपास के गांवों के निकट देखा जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार झुंड में एक विशाल दंतैल हाथी भी शामिल है, जिसे दिन के समय नदी के पानी में नहाते और मौज-मस्ती करते देखा गया। कुछ हाथी नदी के एक किनारे मौजूद हैं तो कुछ दूसरी ओर विचरण करते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य इतना मनमोहक है कि लोग मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि ठंड के मौसम में स्नान करने नदी में उतर आए हैं, तो कोई आशंका जता रहा है कि रात के समय



हाथियों की आवाजाही से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड गांव की ओर न बढ़े, इसके लिए वे अपने स्तर पर सावधानी बरत रहे हैं और हाथियों को भगाने का प्रयास भी कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी कराई जा रही है और लोगों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। विभाग ने ग्रामीणों से कहा है कि हाथियों को छेड़ें नहीं, उनके रास्ते में बाधा न बनें और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें।

## मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने डीआरएम से की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत

**बिश्रामपुर।** साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के मण्डल समन्वयक विजय अग्निहोत्री,जोनल कोषाध्यक्ष साईं किरण (चंदू) एवं डी आरएम कार्यालय ब्रांच सचिव राणा नंदी के साथ बिलासपुर मण्डल के नवपदस्थ मण्डल रेल प्रबन्धक राकेश रंजन के बिलासपुर डीआरएम पद पर पदभार संभालने पर मजदूर कांग्रेस की तरफ़ से स्वागत कर शुभकामनाएं बधाई दी गई,रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि इस बैठक में अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा भी मौजूद थे,उक्त भेंट में कर्मचारियों से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्यतः मेडिकल विभाग से सम्बन्धित विषय जैसे कोरबा,बृजराजनगर एवं उमरिया में मेडिकल सुविधा ना होने के कारण अन्य निजी अस्पतालों के साथ टाई अप करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई एवं लोको पायलट,सहायक लोको पायलट, सीनियर टेक्नीशियन, ट्रैक मेंटेनर के पदोन्नति एवं साथ में वाणिज्य विभाग के सीसीटीसी के पदोन्नति को भी 31 दिसम्बर 2025 के पूर्व लागू करने हेतु बात की गई, मण्डल रेल प्रबंधक से अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई,उक्त मुद्दों पर मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया,उक्त जानकारी रेलवे मजदूर के ब्रांच सेक्रेट्री पप्पू सिंह ने दी है।



## पीसीबी फुटबॉल टूर्नामेंट में साल्ही टीम ने मारी बाजी, जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरआरवीयूएनएल द्वारा आयोजित द्वितीय पीसीबी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन साल्ही खेल मैदान में हुआ। 11 दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में 16 टीमों के 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। फाइनल मुकाबला साल्ही और मेन्ड्रा टीम के बीच खेला गया, जिसमें साल्ही टीम ने रोमांचक संघर्ष के बाद 3–2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। निर्णायक गोल बालसाई ने किया। विजेता साल्ही टीम को 61 हजार नकद राशि और पीसीबी ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता मेन्ड्रा टीम को 41 हजार नकद पुरस्कार और रनर-अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फाइनल मैच को देखने के लिए घाटबर्रा, परसा, बासेन, शिवनगर, जनार्दनपुर, तारा और फतेहपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। मैच के बाद ग्राम साल्ही की बालिकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर समापन समारोह को और आकर्षक बनाया। खिलाड़ियों को ड्रेस और फुटबॉल किट भी वितरित की गईं। इस दौरान मुकेश कुमार, श्रीमती रैमुनिया करियाम,श्रवण वरकड़े, राम द्विवेदी, अमित तिवारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






## केबीसी की हॉट सीट तक पहुंची शहर की विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के दरिमा उमावि में पदस्थ शिक्षिका ने बड़ी उपलब्धि हासिल करने के साथ जिले का मान बढाया है। शिक्षिका विभा चौबे कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। विभा चौबे ना सिर्फ केबीसी के मंच पर पहुंची बल्कि वे अमिताभ बच्चन के साथ गेम खेलती हुई नजर आएंगी। केबीसी द्वारा इसका प्रोमो जारी भी कर दिया गया है जिसमें विभा चौबे अमिताभ बच्चन के सवालों का सामना करती नजर आ रही है।

- अमिताभ बच्चन के साथ आएंगी नजर, दरिमा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में है पदस्थ

बता दें कि सरगुजा के दरिमा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर पदस्थ श्रीमती विभा चौबे ने कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल की है। केबीसी द्वारा शो का पहला प्रोमो जारी किया गया है जिसमें विभा चौबे अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर सवालों के जवाब देते हुए नजर आ रही है। उनका यह एपिसोड 31 दिसंबर और 1 जनवरी को टीवी पर आएगा। बच्चों को पढ़ाते पढ़ाते सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से मिलने और हॉट सीट तक पहुंचने के अपने सफर को लेकर विभा चौबे ने बताया कि जब से केबीसी की शुरुआत हुई है तब से वे यहां जाने की तैयारी कर रही थी। स्कूल की ड्यूटी और घर परिवार को संभालते हुए उन्होंने अपनी तैयारी की। विभा चौबे के पति प्रमेंद्र चौबे भी मैनपाट मिडिल स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। पति और परिवार के लोगों इस सफर में उनका हर कदम पर साथ दिया जिससे वे इस मंच तक पहुंच पाई और सरगुजा का नाम देशभर में रौशन किया। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ ही शिक्षा विभाग व शिक्षकों में भी हर्ष का माहौल है।

## टोली बनाकर एक दूसरे के गांव देते है प्रस्तुति

# धान कटाई के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सुआ-शैला नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में सुआ, सैला नृत्य की धूम मची है। खेती किसानी का काम समाप्त हो जाने पर ग्रामीण नई धान फसल की कटाई के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गर्व के साथ यह उत्सव मना रहे हैं। मनोरंजन के लिए एक दूसरे के गांव में टोली में पहुंच मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते है। परंपरानुसार ग्रामीण गांव में पहुंचे टोली को धान, चावल एवं यथासंभव राशि देकर सम्मानित करते है। इस तरह के आयोजन से जिले के गांव में उत्साह का माहौल हैं।

जिले में सुआ शैला नृत्य की अपनी ही अलग पहचान है जो गांव में साल में एक ही बार जब खेती-किसानी का कार्य पूरा हो जाने के बाद किसान उत्साह में टोली बनाकर कर एक दूसरे के गांव में जानकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देते है। इन दिनो भी गांव में शैला नृत्य की धूम है। इस अवसर पर गांव-गांव में छोटे-छोटे बच्चे और युवतियां टोकरी सुआ टोकरी लेकर घर-घर जाती हैं। वे पारंपरिक लोकगीत गाते हुए सुआ नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इन गीतों और नृत्यों के माध्यम से वे गांव की समृद्धि, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना करते हैं। ग्रामीण भी पूरे उत्साह के साथ इस परंपरा में भाग लेते हैं। लोग बच्चों को पैसे, धान और अन्य उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाते हैं।

सुआ नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह सरगुजा की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। यह लोक परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है, जो बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और जुड़ाव पैदा करती है। सुआ नृत्य के साथ मनाया जाने वाला यह धान कटाई उत्सव जिले की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। आज भी जिले के गांवों में यह परंपरा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।



सुवा नृत्य करती युवतियां।

**धान-चावल देकर करते है सम्मानित**

क्षेत्र में शैला व सुआ नृतक दलों का धूम है। सरगुजा की पारंपरिक लोक नृत्य अधिकांश गांव में सुआ व सैला नृतक दलों को नृत्य करते आसानी से देखा जा सकता है। नई फसल की खुशी में फसल काटने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शैला व सुआ नृतक दलों द्वारा आसपास के गांव में घर घर जा कर नृत्य का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके बदले शैला व सुआ नृतक दलों को धान- अनाज देकर ग्रामीण सम्मानित करते है। यह सुआ व शैला नृत्य लगभग महीना भर से लगातार चलता है। शैला व सुआ नृत्य की समाप्ति के पश्चात गांव में सभी लोग मिलकर एक साथ भोजन करते हैं जिसमें आसपास के गांव के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया जाता है।

**गांव में उत्सव का माहौल**

लखनपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, लहपटरा, पतराटोली, रजपुरी कला, भरतपुर, गणेशपुर, बिनकरा, नवापारा, जमगला सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों फसल कटाई उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बच्चों और युवतियों की टोली द्वारा पारंपरिक गीत-संगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल है। यह पारंपरिक उत्सव क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है गांवों में नई फसल के आगमन की खुशी में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं और सामूहिक रूप से उत्सव में भाग लेते हैं।

## ग्राम कर्रा में किया गया हिन्दू सम्मेलन

**राजपुर।** ग्राम कर्रा स्थित शिव मंदिर ग्राउंड में मंगलवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में हिंदू एकता, स्वदेशी चिंतन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर संदेश दिया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता स्वामी परमात्मानंद गिरी महाराज ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में पंच परिवर्तन के अंतर्गत परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का आग्रह तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी संस्कृति, संस्कार और सामूहिक एकता में निहित है। परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज को अपने पारिवारिक रिश्तों और संस्कारों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने हिंदू परिवारों से अधिक संतानों के पालन-पोषण का आह्वान करते हुए समाज को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखने का संदेश दिया।



# सात समुंदर पार गाने का नया वर्जन देख भड़के लोग

**नई दिल्ली।** 34 साल पहले एक फिल्म रिलीज हुई थी 'विश्वात्मा'। इसमें सनी देओल और दिव्या भारती सहित कई सितारे नजर आए थे। फिल्म का गाना 'सात समुंदर पार' खूब हिट हुआ था। आज भी लोगों की जुबां पर है। पर अब इस गाने को रीमेक किया गया है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म के लिए। पर लोगों को ये नया वर्जन खास पसंद नहीं आ रहा है। ऊपर से लोग कह रहे हैं कि अच्छे खासे आइकॉनिक गाने को बर्बाद कर दिया। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के नए गाने की आलोचना हो रही है और कार्तिक आर्यन-अनन्या पांडे को जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है।

लाइफ Style



# यामी

## शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था

फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं।

हॉलीवुड मसाला



# डूम्स डे में कैप्टन की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' के टीजर में दर्शकों को अब साफतौर पर पता चल चुका है फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो रही है। इस फिल्म को लेकर मार्वल एक्शन, सुपरहीरो मूवीज के फैन काफी उत्साहित हैं। टीजर में एक घर के गॉर्डन से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव (कैप्टन अमेरिका) अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है। बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव घर के अंदर जाकर कैप्टन अमेरिका का कॉस्ट्यूम एक बॉक्स से निकालता है।




# प्रियंका की बेटी खुद को कहती हैं 'इंडियन प्रिंसेस'

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस भले ही लॉस एंजिल्स में रहती हैं, लेकिन उनका दिल पूरी तरह से भारतीय है। वे अपनी बेटी मालती मैरी जोनस को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने के लिए हर मुमकिन प्रयास करती हैं। हाल ही में 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में आईं प्रियंका ने बताया कि विदेश में रहकर भी वह अपनी बेटी को भारतीय परंपराओं से जोड़े रखती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि मालती भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अच्छे से जुड़ी रहे।' सबसे प्यारी बात जो प्रियंका ने मालती के बारे में बताईं, वो यह है कि जब भी मालती घाघरा-चोली पहनती हैं, तो खुद को 'इंडियन प्रिंसेस' कहती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मालती को घाघरा, बिंदी और चूड़ियां बहुत पसंद हैं। मैं हमेशा उसके लिए ये चीजें लेकर जाती हूं।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

**मुंबई।** पॉप्युलर वेब सीरीज में से एक 'मिर्जापुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिर्जापुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। श्वेता त्रिपाठी ने तो मुहूर्त पूजा से लेकर शूटिंग की कुछ झलक दिखाई है। साथ ही गुड्डू भैया उर्फ अली फजल ने भी एक वीडियो शेयर किया है। दरअसल, 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग राजस्थान में चल रही है। एक्टर अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद।



# ईद पर धुरंधर2-टॉक्सिक का होगा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2025 में ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त में धुरंधर टॉप पर है। फिल्म की कमाई इतनी ज्यादा हो रही है कि हर कोई इसकी कमाई को देखकर हैरान है। फिल्म की कमाई को देखते हुए मेकर्स ने अब इसके अगले पार्ट का ऐलान किया है, लेकिन मेकर्स ने शानदार दांव भी खेला है, जिसकी चर्चा अब हर कोई कर रहा है। धुरंधर 2 को ईद पर 19 मार्च 2026 को रिलीज़ किया जाएगा। इसी तारीख पर यश की टॉक्सिक भी रिलीज होने जा रही है। हाल ही में फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आया है। ऐसे में अब बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होगा। हालांकि, मेकर्स ने रिलीज डेट के साथ ही ये तय किया है कि धुरंधर पांच भाषाओं में आएगी और रिलीज डेट नहीं बदली गई है। भले ही गल्फ देशों में फिल्म को बैन किया गया हो।

टीवी मसाला




# नाना या नानी... अगस्त्य के लिए बिग बी ने खड़ी की मुसीबत

**नई दिल्ली।** बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर किसी को अमिताभ बच्चन का शो कौन बनेगा करोड़पति बेहद पसंद है। वजह होस्ट अमिताभ बच्चन की हर जेनरेशन के लोगों से कनेक्टिविटी बनाने की अदा। हर बार कंटेस्टेंट के साथ-साथ शो में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए एक्टर्स भी आते हैं और बिग बी सभी से बड़े सम्मान और लाड़-प्यार से पेश आते हैं। पिछले दिनों कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे हॉट सीट की गेस्ट बनकर आई थीं और अब इस कुर्सी पर उनके नाति अगस्त्या नंदा नजर आए। अगस्त्य बहुत जल्द फिल्म इक्कीस के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। ये एपिसोड फुल ऑन फैमिली अफेयर होने वाला है, क्योंकि अगस्त्य के साथ इसमें श्वेता बच्चन और बहन नव्या भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इसका एक प्रोमो सोनी टीवी के इंस्टाग्राम पर रिलीज किया गया। इस दौरान कुछ सवाल जवाब का दौर चलता है। एक दर्शक अगस्त्य से सवाल करती है कि उनका पसंदीदा कौन है नाना (अमिताभ बच्चन) या नानी (जया बच्चन)। इसका जवाब देते समय अगस्त्य कहते हैं कि थोड़ा मुशक्लि है और वो हंसी-हंसी में सवाल को टाल देते हैं। लेकिन, अमिताभ जानबूझकर बीच में टोकते हैं और कहते हैं कि नहीं, नहीं बोलने दीजिए हमें भी जानना है। जयदीप मजाक करते हुए आसान राह बताते हैं और कहते हैं,'अगर वैनिटी में पिटना है तो नानी का नाम ले लो और घर जाके पिटना है तो नानू का नाम ले लो।' इक्कीस की कहानी सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी बयां करती है, जो परम वीर चक्र पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

## बाहुबली द एपिक अब ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** साल 2015 में आई 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 2017 में रिलीज 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर बनाई गई 'बाहुबली द एपिक' बीते अक्टूबर में सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई थी।



अब 55 दिन बाद प्रभास और एसएस राजामौली की यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णन और नासर स्टारर 'बाहुबली द एपिक' ने री-रिलीज पर दुनियाभर में ₹51.72 करोड़ कमाए। जबकि फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 'बाहुबली' ने दुनियाभर में ₹650 करोड़, और 'बाहुबली 2' ने ₹1788 करोड़ का ग्रॉस बिजनेस किया था। जहां तक एसएस राजामौली की बात है, तो वह इन दिनों महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। 'बाहुबली 2' के बाद उन्होंने 2022 में आरआरआर बनाई थी, जिसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण लीड रोल में थे।

# 2025 में इन 7 स्टार किड्स ने किया डेब्यू

*नई दिल्ली। साल 2025 कई बॉलीवुड स्टार्स के लिए शानदार रहा, तो कुछ नए और स्टार किड्स के लिए भी खास रहा। कई स्टार किड्स ने इस साल डेब्यू किया। कुछ ने अपनी मेहनत और टैलेंट से सफलता पाई, तो कुछ को दर्शकों से औसत या निराशाजनक प्रतिक्रिया मिली। 2025 बॉलीवुड में नए चेहरों और स्टार किड्स का साल रहा। कई ने फिल्मों या वेब सीरीज से शुरुआत की। कुछ ने रोमांटिक, थ्रिलर या ड्रामा फिल्मों से एंट्री मारी। नेपोटिज्म की चर्चा के बीच कुछ स्टार किड्स ने साबित किया कि सिर्फ परिवार का नाम काफी नहीं, टैलेंट जरूरी है। आर्यन खान से अहान पांडे तक, कुछ के डेब्यू ने खूब धूम मचाई।*



**आर्यन खान** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने एक्टिंग नहीं, डायरेक्शन चुना। उनकी पहली वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' नेटफ्लिक्स पर सितंबर में रिलीज हुई। आर्यन ने इसे लिखा, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया। सीरीज बॉलीवुड की चमक-दमक और अंदर की कहानियों पर थी। यह साल की सबसे चर्चित डेब्यू रही।

**अहान पांडे** : अनन्या पांडे के चचेरे भाई और चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' से डेब्यू किया। फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हुई। अहान की एक्टिंग को बहुत सराहा गया। वे रातोंरात स्टार बन गए। उनका डेब्यू ब्लॉकबस्टर साबित हुआ।

**राशा थडानी** : रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म 'आजाद' से एक्टिंग में कदम रखा। फिल्म 17 जनवरी को रिलीज हुई। राशा की डांस और एक्टिंग पसंद की गई, खासकर गाने 'उई अम्मा' को। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई और फ्लॉप रही।

**अमन देवगन** : अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी 'आजाद' से ही डेब्यू किया। यह दोनों की पहली फिल्म थी, जिसमें अजय देवगन सपोर्टिंग रोल में थे। अमन की एक्टिंग को खास तारीफ नहीं मिली। फिल्म का प्रदर्शन कमजोर रहा।

**शनाया कपूर** : संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से डेब्यू किया। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज हुई। शनाया की एक्टिंग को औसत बताया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

**इब्राहिम अली खान** : सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान ने खुशी कपूर के साथ 'नादानियां' से डेब्यू किया। यह रोमांटिक कॉमेडी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फिल्म को नेगेटिव रिव्यू मिले और यह फ्लॉप रही।

**सारा अर्जुन** : चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर पहले से काम कर चुकी सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर डेब्यू किया। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और 350 करोड़ से ज्यादा कमाई की। यह ब्लॉकबस्टर रही। सारा की एक्टिंग को खूब सराहा गया।


# सुजैन ने दोनों बेटों संग पोज देकर लिखा, 'शेरनी मां'



**मुंबई।** ऋतिक रोशन के कजिन ईशान रोशन ने ऐश्वर्या सिंह के साथ शादी रचाई है। शादी में पूरे रोशन परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। शादी से पूर्व के फंक्शन में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी शामिल हुईं। हालांकि, तबीयत खराब होने के चलते वे शादी में शामिल नहीं हो पाईं। इस शादी के फंक्शन में ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन भी ग्लैमरस लुक में पहुंचीं। सुजैन खान ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने शादी के फंक्शन से अपनी फोटोज साझा किए हैं। वे ट्रेडिशनल लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। साथ में उनके दोनों बेटे रेहान और ऋदान भी दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ सुजैन खान ने कैप्शन लिखा है, 'शेरनी मां..., मेरे बेटों की मुस्कुराहट से मेरा दिल खुशी से भर गया है। मेरे रे (रेहान ) और रिद्जा (ऋदान)... यहां से लेकर समय के आखिर तक तुम दोनों मेरे सबसे बहादुर दिल वाले शूरवीर रहे हो, तुम दोनों को अपना कहने पर मुझे बहुत गर्व है'। ईशान रोशन, एक्टर ऋतिक रोशन के चचेरे भाई हैं। ईशान म्यूजिक कंपोजर राजेश रोशन के बेटे हैं। ईशान एचआरएक्स फिल्म्स में प्रोड्यूसर के रूप में काम करते हैं। उन्होंने ऋतिक रोशन और यामी गौतम की साल 2017 में आई फिल्म 'काबिल'में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया था। बता दें कि ऋतिक रोशन और सुजैन की शादी साल 2000 में हुई थी। मगर, 2014 में इनका तलाक हो गया।

## गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते सीखा था गाना

# रफी ने मौत से चंद घंटे पहले रिकॉर्ड किया था आखिरी गाना



*नई दिल्ली। मोहम्मद रफी के गाने आज भी संगीत प्रेमियों के बीच खूब सुने और गुनगुनाए जाते हैं। रफी साहब ने प्रेम, दुख, सुख, देशभक्ति, भजन, बालगीत लगभग हर मिजाज के गीतों को गाया। उनके नाम लगभग 26 हजार गीत गाने का रिकॉर्ड है। मोहम्मद रफी को शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता था। वे बहुत कम बोलने वाले, जरूरत से ज्यादा विनम्र इंसान थे। रफी साहब ने अपने गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते गाना गाना सीखा था और एक वक्त ऐसा आया जब वो देश के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गायकों में से एक बन गए।*

### सैलून में करते थे काम भाई ने पहचाना हुनर

मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को ब्रिटिश पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह में हुआ। मोहम्मद रफी गायिकी की दुनिया में किसी प्लानिंग के तहत नहीं आए, बल्कि उन्हें ईश्वर ने सुरीले कंठ से नवाजा। उनके बड़े भाई ने इसे पहचाना और फिर उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। रफी साहब कम उम्र से ही अपने भाई के सैलून में काम करने लगे थे। यहां काम करते हुए वे गाने गुनगुनाते। उनके भाई ने रफी साहब के इस हुनर को पहचाना और फिर इसी दिशा में आगे बढ़ाया।

### हुनर के आगे बदली परिवार की सोच

मोहम्मद रफी का जन्म अल्ला राखी और हाजी अली मोहम्मद के घर हुए। उनके माता-पिता जट मुस्लिम परिवार से थे। आठ भाई-बहनों में मोहम्मद रफी सातवें नंबर की संतान थे। इनके भाई बहने थे- चिराग बीबी, रेशमा बीबी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद दीन, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद सिद्दीक। घर पर मोहम्मद रफी को फिक्को कहकर पुकारा जाता। कहा जाता है कि रफी साहब का परिवार रुढ़िवादी था, जहां नाच-गाने पर पाबंदी थी। मगर, रफी के हुनर के आगे परिवार की सोच भी बदल गई।

### शाम फिर क्यों उदास है दोस्त

मोहम्मद रफी 31 जुलाई 1980 को दुनिया को अलविदा कह गए। संगीत और गायिकी से उन्हें ऐसा लगाव था कि निधन से सिर्फ चंद घंटे पहले उन्होंने गाना रिकॉर्ड किया था। वह गाना फिल्म 'आस-पास' के लिए था, जिसमें लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का संगीत था। 31 जुलाई 1980 का ही दिन था, जब रफी साहब ने आखिरी बार अपनी मखमली आवाज से स्टूडियो को गुंजायमान किया था। निधन से चंद घंटे पहले ही वह 'आस पास' फिल्म के 'शाम फिर क्यों उदास है दोस्त, तू कहीं आसपास है दोस्त' गाने की रिकॉर्डिंग करके आए थे।

### बुखार में गाया था ये गाना

102 डिग्री बुखार में कोई शख्स ठीक से बोल नहीं पाता है, ऐसी परिस्थिति में अगर कोई गायक गीत गाता है तो ये उसके कर्म समर्पण की मिसाल को कायम करता है। गाने के बोल थे- जाने क्या ढूंढती रहती हैं ये आंखें मुझमें..। एक रिपोर्ट के अनुसार इस गीत की रिकॉर्डिंग के दौरान रफी साहब की तबीयत काफी खराब थी, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी सेहत की परवाह किए बिना इस गाने को रिकॉर्ड किया, ताकि संगीतकार और निर्मातओं का कोई नुकसान न हो जाए। साढ़े तीन मिनट के इस गाने को बुखार में भी मोहम्मद रफी ने शानदार तरीके से गाया था।

### बच्चों को नहीं आने दिया संगीत की दुनिया में

मोहम्मद रफी ने दो शादियां की थीं। कुल मिलाकर दोनों शादी से मोहम्मद रफी के सात संतानें हुईं। लेकिन, इनमें से किसी ने भी पिता की तरह संगीत में करियर नहीं बनाया। खुद मोहम्मद रफी के कारण ऐसा हुआ। रफी साहब पर लिखी अपनी किताब 'मोहम्मद रफी- माय अब्बा' में उनकी बहू और बहुत बड़ी फैन यास्मीन खालिद रफी ने इसका खुलासा किया है। किताब के मुताबिक 'रफी साबह खुद कभी नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे भी उनकी तरह गायिकी करें। इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को शुरू से ही बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाया। वह बड़े आध्यात्मिक इंसान थे। वह कहते थे कि मुझ पर ऊपर वाले का करम है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मेरे बच्चे वो कर पाएंगे, जो मैंने किया है। वह नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे समाज के उस दबाव को महसूस करें कि एक महान सिंगर के बच्चे भी उनकी तरह ही महान गायक बनें।'

खबर संक्षेप

### अपात्र हितग्राहियों की सूची जारी 31 तक दावा

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सूची सर्वे 2018 एवं स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुसार जिले की समस्त जनपद पंचायतों से नियमानुसार अपात्र पाए गए हितग्राहियों परिवारों की सूची जिला कार्यालय को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्राप्त हो गई है। यह प्रक्रिया ग्राम सभाओं के प्रस्ताव एवं जनपद पंचायतों की कार्यवाही के उपरांत पूर्ण की गई है। जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपात्र परिवारों की सूची जिला पंचायत कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है, ताकि आमजन को इसकी जानकारी मिल सके। चस्पा की गई सूची में जिन हितग्राहियों या परिवारों को किसी प्रकार की आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना है, वे 31 दिसंबर को सायं 5.30 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय अथवा ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पुलिस ने ली बार संचालकों कर बैठक

**राउरकेला।** कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सक्रिय पहल करते हुए राउरकेला पुलिस जिला अंतर्गत संचालित बार के मालिकों और प्रबंधकों के साथ 23 दिसंबर को जिला पुलिस कार्यालय डीपीओ राउरकेला में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राउरकेला के पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी, आईपीएस ने की। उन्होंने बार संचालकों को अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा शहर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया।

### शराब पीने से किया मना गुस्से में बेटे ने पिया जहर

**रायगढ़।** मां ने अपने बेटे को शराब पीने से मना किया तो बेटे जहर सेवन कर अपनी जान दे दी। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। उक्त मामला सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के मालखरौदा थानांतर्गत ग्राम बुंदेली निवासी चन्द्रप्रकाश गवेल पिता केजहाराम गवेल 19 शराब पीने का आदी था। बुधवार को वह शराब के नशे में टुन्न हो कर घर पहुंचा तो उसे इस हालत में देखकर उसकी मां ने शराब पीने से मना किया। मां द्वारा शराब पीने से मना करना युवक को इस कदर नागवार गुजरा कि वह खेत की ओर गया और जहर सेवन कर लिया। परिजनों को जब इस बात की भनक लगी तब वे आनन-फानन में चन्द्रप्रकाश को मालखरौदा स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले गए।

### जैन समाज के संरक्षक गुलाबचंद जैन का निधन



**जशपुरनगर।** जिले के जैन समाज के वयोवृद्ध, मार्गदर्शक एवं लंबे समय तक समाज के संरक्षक रहे गुलाबचंद जैन का गुरुवार को 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके देहावसान से जैन समाज ने एक ऐसे अभिभावक को खो दिया है, जिनकी छत्रछाया में समाज वर्षों से संगठित और सशक्त बना रहा। जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन एवं महामंत्री डिम्पल जैन ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि गुलाबचंद जैन कई वर्षों तक समाज के संरक्षक के रूप में सक्रिय रहे। समाज के प्रत्येक महत्वपूर्ण निर्णय में उनकी भूमिका मार्गदर्शक की रही। उनकी सलाह, अनुभव और सादगी ने समाज को एक सूत्र में बांधकर रखा। उनके निधन के शोक में गुरुवार को जैन समाज के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। समाजजनों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गुलाबचंद जैन जिले के वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन के पिता थे। उनके निधन पर पत्रकारिता जगत, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। समाज के वरिष्ठजन, परिजन एवं शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। समाज के लोगों का कहना है कि गुलाबचंद जैन का नाम जैन समाज के इतिहास में सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।

## जिला संग्रहालय में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण

# जिले के पांच नगरीय निकायों में अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशभर में अटल शताब्दी वर्ष के अंतर्गत नवनिर्मित 115 अटल परिसरों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इनमें जिले में जशपुर जिला मुख्यालय के संग्रहालय परिसर में निर्मित अटल परिसर सहित पत्थलगांव, कुनकुरी, कोतबा और बगीचा में निर्मित अटल परिसर शामिल है। जशपुर के जिला संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत ने प्रतिकात्मक तौर पर अटल परिसर का लोकार्पण किया और अटल बिहारी वाजपेई के आदमकद मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का है। यह दिन अटल बिहारी वाजपेई के राष्ट्र के प्रति समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व और छत्तीसगढ़ के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि छत्तीसगढ़ का गठन हुआ और आज यह राज्य विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर भगत ने छत्तीसगढ़ निर्माण में स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के योगदान को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। वे हम सभी के पथप्रदर्शक हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रसिद्ध कविता का पाठ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, पूर्व विधायक जागेश्वर भगत, कृष्ण कुमार राय, पार्षदगण राजेश गुप्ता, देवधन नायक, कंचन बैरागी, विजेता भगत शशि भगत, विनोद निकुंज, सु कमला बाई, शैलेंद्री यादव, सुधीर पाठक और द्वारिका मिश्रा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, नगर पालिका जशपुर के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय, सहायक अभियंता कैलाश खरोले, शारदा प्रधान, रजनी प्रधान, कृपाशंकर भगत सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



अटल परिसर लोकार्पण अवसर पर मौजूद अतिथि।

## सुशासन दिवस पर ऐतिहासिक सौगात: कोतबा में अटल परिसर का लोकार्पण

**कोतबा।** गुरुवार 25 दिसंबर का दिन नगर पंचायत कोतबा के लिए ऐतिहासिक रहा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती (सुशासन दिवस) के अवसर पर नगर के सतीघाट धाम स्थित पुष्प वाटिका के समीप नवनिर्मित 'अटल परिसर' का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप-मुख्यमंत्री अरुण साव (नगरीय प्रशासन मंत्री) भी ऑनलाइन जुड़े। कोतबा में कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्र की विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने किया। परशुराम चौक पर नगर पंचायत अध्यक्ष हितेंद्र सिंह पैंकरा, उपाध्यक्ष सुमन शर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोमती साय भावुक नजर आईं। अटल जी को याद करते हुए उन्होंने कहा, ₹यह परिसर केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि अटल जी के विराट व्यक्तित्व की जीवंत स्मृति है। अटल जी सिद्धांतों के पक्के थे। एक बार उनकी सरकार संसद में महज एक वोट से गिर गई थी, लेकिन उन्होंने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। लोकार्पण के पश्चात अतिथियों ने केक काटकर अटल जी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति (महिलाएं), नगर के पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**गोमती साय ने कहा- एक वोट से सरकार गिर गई पर अटल जी ने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया**

## पुष्प वाटिका में अटल परिसर का लोकार्पण

**पत्थलगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के जरिए छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलजी की स्मृतियों को चिरस्थाई रखने उनके जन्म शताब्दी वर्ष में निकायों में अटल परिसरों का निर्माण किया गया। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, ओपी चौधरी, विधायक विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोमती साय की उपस्थिति में पत्थलगांव स्थित वाटिका में अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में पत्थलगांव में नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता सिंह, उपाध्यक्ष अजय बंसल, मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल पार्षद ममता यादव, हरजीत भाटिया, मनीष अग्रवाल, अनिल मित्तल,अवधेश गुप्ता, रामनिवास जिंदल रेणु विश्वासउर्मिला पटेल, भुनेश्वरी , विमला बेक,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे भी मौजूद रहे ।





## नवसंकल्प में सीजीपीएससी टेस्ट-सीरीज़ शुरू

**जशपुरनगर।** नवसंकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर में आगामी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए निःशुल्क टेस्ट-सीरीज़ शुरू की गई है। यह पहल जिला प्रशासन के सहयोग से की गई है, ताकि जिले के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

सीजीपीएससी 2025 की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है और इस वर्ष कुल 265 पदों के लिए भर्ती प्रस्तावित है। प्रतियोगी छात्रों की तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नवसंकल्प में 17 दिसम्बर 2025 से टेस्ट-सीरीज़ प्रारंभ कर दी गई है, जिसका अंतिम चरण 14 फरवरी 2026 को पूरा होगा।

इस टेस्ट-सीरीज़ में कुल 18 टेस्ट शामिल किए गए हैं। पहले चरण में 10 टेस्ट विभिन्न टॉपिक्स पर आधारित होंगे। दूसरे चरण में 5 टेस्ट विषय-वार संचालित किए जाएंगे। अंतिम चरण में 3 फुल-लेंथ टेस्ट लिए जाएंगे, ताकि अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसे माहौल में अभ्यास का अवसर मिल सके।



**वर्तमान परीक्षा के अनुरूप विशेषज्ञों द्वारा तैयार पैटर्न**

संस्थान की प्राचार्या दुर्गेश्वरी सिंह ने बताया कि सभी टेस्ट प्रत्येक बुधवार और शनिवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक टेस्ट में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें वर्तमान परीक्षा-पैटर्न के अनुरूप विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। टेस्ट-सीरीज़ पूरी तरह ऑफलाइन आयोजित की जा रही है। इच्छुक छात्र कार्यालयीन समय में संस्थान पहुँचकर निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। प्राचार्या ने बताया कि यह श्रृंखला प्रतियोगियों को प्रश्न- समाधान कौशल, समय प्रबंधन और विषय-वस्तु की समझ में अत्यंत सहायक होगी।नवसंकल्प का उद्देश्य है कि इस पहल से जशपुर जिले के छात्र, विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि के अभ्यर्थी, राज्य प्रशासनिक सेवाओं में चयन का अवसर प्राप्त कर सकें और जिले का नाम गौरवान्वित करें।

### प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनेंगे बेरोजगार

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज सोसायटी ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में इलेक्ट्रीशियन 10वीं उत्तीर्ण इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं उत्तीर्ण एवं गेस्ट सर्विस एसोसिएट फूड एंड बेवरेज 12वीं उत्तीर्ण जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## चार ग्राम पंचायतों में मनाई गई अटल बिहारी की जयंती

**जशपुरनगर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर नारायणपुर, रानीकोम्बो, बनकॉम्बो एवं जामचूंवा ग्राम पंचायतों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि, कुशल प्रशासक और सशक्त राष्ट्रनिर्माता थे। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, ग्राम सड़क योजना तथा विदेश नीति में भारत की सशक्त पहचान जैसे ऐतिहासिक निर्णय उनके दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि अटल जी का जीवन और विचार आज भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनका आदर्श जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। इसी क्रम में नारायणपुर अटल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके देशभक्ति से ओत-प्रोत विचारों और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को विस्तार से याद किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह, जनपद उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, रानीकोम्बो सरपंच छक्कन राम भगत, बनकॉम्बो सरपंच सरिता अंगिरा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष संतन राम, रामकृत नायक, संजय बंग, गोपाल यादव, अरुण मोहंती, गांव के वरिष्ठ कार्यकर्ता जठाराम, भोआ राम, भोला प्रजापति, सुरेश प्रजापति, बूथ अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सतकुमार यादव, जामचूंवा सरपंच जॉर्ज खलखो, उमेश प्रधान, उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## तेज रफ्तार बोलेरो को कंट्रोल नहीं कर सका चालक, दो की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोड़ातराई क्षेत्र में मंगलवार की रात एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ, जहां सड़क पर खड़े ट्रक से बोलेरो की टक्कर हो गई, जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। पूरी घटना जूटमिल थानाक्षेत्रांगर्त आने वाले कोड़ातराई की है जहां मंगलवार की रात करीब 10 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से इतनी जोर से जा घुसी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया है।

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बोलेरो की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयावह था। जानकारी के अनुसार, पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव निवासी कौशल मालाकार 42, मनोहर नंदा 55, उजेता डोंगरे 26, राज एक्का 13, देव अगरिया 13 और अभय सारथी 17 किसी काम से बोलेरो से रायपुर गए थे। मंगलवार रात सभी लोग बोलेरो से वापस लौट रहे थे, कोड़ातराई चौक के पास पहुंचतें ही उनकी गाड़ी सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इतना भयावह था कि इस हादसे के बाद गंभीर चोट आनें की वजह से बोलेरो सवार कौशल मालाकार और मनोहर नंदा को सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उजेता डोंगरे, राज एक्का, देव अगरिया और अभय सारथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा कर घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

### 500 से अधिक कैदियों ने शुरू की भूख हड़ताल

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिला जेल में मंगलवार रात से 500 से अधिक कैदियों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। कैदी नव नियुक्त जेल अधीक्षक पर कुप्रबंधन और दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, हड़ताल पर बैठे कैदियों ने भोजन और पानी लेने से इनकार कर दिया है तथा जेल प्रशासन के खिलाफ कई मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है। कैदियों का आरोप है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं दिया जा रहा है और परिजनों से मिलने की अनुमति भी नहीं मिल रही है। इसके अलावा जेल की सुविधाओं और कैदियों के साथ व्यवहार को लेकर भी कई शिकायतें सामने आई हैं। प्रदर्शनकारी कैदियों ने जेल की वर्तमान स्थिति के लिए जेल अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके तत्काल तबादले की मांग की है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना घरों में ऊर्जा का कर रही संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। बगीचा विकासखंड के ग्राम चम्पा निवासी कोइरा राम इसकी एक सशक्त उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। कोइरा राम बताते हैं कि सोलर पैनल लगने से पहले उन्हें हर महीने अधिक बिजली बिल चुकाना पड़ता था, जिससे घरेलू खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और अब वे बिना किसी चिंता के बिजली का उपयोग कर पा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सोलर पैनल स्थापना की कुल लागत लगभग 1.20 लाख रुपये आई, जिसमें शासन की ओर से 90 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। शेष राशि वहन करना उनके लिए भी आसान हो गया, क्योंकि योजना के अंतर्गत उन्हें समय पर मार्गदर्शन और सहयोग मिला। इससे न केवल उनकी मासिक बचत बढ़ी है, बल्कि वे स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी सहभागी बन रहे हैं। कोइरा राम का कहना है कि यह योजना ग्रामीण परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इससे एक ओर बिजली खर्च से राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हो रही है। उन्होंने इस जनहितकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार आम नागरिकों के जीवन को आसान और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।





### प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ने किया वितरण

# सहायक उपकरण पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पाँच दिव्यांगजनों के जीवन में उस समय आशा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई किरण का संचार हुआ, जब जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के कर-कमलों से उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह अवसर केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिव्यांगजनों के सम्मान, स्वावलंबन और आगे बढ़ने के दृढ़ संकल्प का सशक्त प्रतीक बना, जिसकी स्पष्ट झलक उनके प्रसन्न चेहरों पर दिखाई दी।

मंगलवार को नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने तीन दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, एक दिव्यांगजन को व्हीलचेयर तथा एक दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र प्रदान कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ कम हों और वे सम्मानपूर्वक, आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवधि में अधोसंरचना विकास के साथ-साथ समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण को भी समान प्राथमिकता दी गई है। शासन का लक्ष्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और आने वाले समय में भी इसी संवेदनशीलता एवं सेवा-भाव के साथ कार्य निरंतर जारी रहेगा। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने पर उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी भी रूप में कमजोर नहीं होते, बल्कि उनमें अद्भुत प्रतिभा, क्षमता और आत्मबल निहित होता है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### आधी रात गूंजी ...

क्योंकि इसी रात ईश्वर-पुत्र के अवतरण की स्मृति में पूरी कलीसिया आनंद और श्रद्धा से भर उठती है।
चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जन्म की मनोहारी झांकी सजाई गई थी। श्रद्धालुओं ने चरनी में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही पाप-स्वीकार कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें मसीहियों ने वर्षभर में हुए जाने-अनजाने पापों को पादरियों के समक्ष स्वीकार किया। पादरियों ने प्रभु से क्षमा याचना करते हुए पाप-स्वीकार करने वालों को आशीर्वाद प्रदान किया। क्रिसमस की इस पावन मध्यरात्रि में संत इग्नासियुस चर्च श्रद्धा, उल्लास और शांति के संदेश से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शांति भवन समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने पार्किंग, बैठने, अनुशासन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। इस पावन अवसर पर जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए मसीही धर्मावलंबियों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा।

### जमीन विवाद पर ...

द्वारा अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।
23 दिसंबर को कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर प्रार्थी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई थी, जिस पर पुलिस ने पहले ही मामला दर्ज कर कार्रवाई की थी। इसी कार्रवाई से नाराज होकर आरोपियों ने दोबारा हमला करने की साजिश रची। 24 दिसंबर की सुबह करीब 9 बजे, सभी आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर प्रार्थी के घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और प्रार्थी व उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान कन्हैया यादव पर लाठी से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे वे बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घटना के बाद गांव में व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस पार्टी ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस के अनुसार वर्तमान में स्थिति सामान्य है और एहतियातन गांव में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि कोतबा क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और बलवा करने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रानीकोम्बो में भटके ...

अन्य फसलों को हाथी लगातार नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से भारी क्षति उठानी पड़ रही है। बीती रात हाथी ने किसान गोविंद भगत,सुधीर भगत, सुनील भगत, दिनेश भगत के खेत में लगी अरहर की पूरी फसल को बर्बाद कर दिया। वन्ही गजेन्द्र नायक की बाड़ी में घुस कर आलू की लगी फसल को पूरी तरह बरबाद कर दिया। पीड़ित किसानो ने बताया कि खेतों में हाथी के प्रवेश से महीनों की मेहनत और लागत एक ही रात में समाप्त हो जाती है। क्षेत्र के अन्य किसानों का भी कहना है कि हाथी कई बार खेतों में मौजूद लोगों पर आक्रामक होकर जानलेवा हमला करने की कोशिश कर चुका है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।